बिहार सरकार
अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय
(योजना एवं विकास विभाग)

पत्रांक–जी०सां०–04/2023 1386 /पटना, दिनांक– 28/11/23

प्रेषक,

संजय कुमार पंसारी, भा०प्र०से०
निदेशक
–सह–
मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म और मृत्यु)

सेवा में,

प्रबंध निदेशक
बिहार स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड
बेलट्रॉन भवन, शास्त्रीनगर
बिहार, पटना–800023।

विषयः– **जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण एवं अन्य सांख्यिकीय कार्य में सहयोग हेतु प्रखंड स्तर पर डाटा इन्ट्री ऑपरेटर की सेवा उपलब्ध कराने के संबंध में।**

प्रसंग– **आपका पत्रांक–एम०पी०–398/23 दिनांक–26.06.2023।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना द्वारा जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण जैसे अनिवार्य सेवाओं के साथ ही BSDMS अन्तर्गत ऑकड़ों का संग्रहण, कृषि सांख्यिकी, फसल कटनी प्रयोग, मूल्य सांख्यिकी, विविध सांख्यिकी से संबंधित कार्यो का अनुश्रवण किया जाता है। उक्त ऑकड़ों के संकलन, Digitisation एवं Portal पर Uploading कार्य में सहयोग हेतु राज्य के सभी 534 प्रखंडों के लिए आवश्यकता आधारित डाटा इन्ट्री ऑपरेटर (संविदा) की सेवा प्राप्त किया जाना है। जिला स्तर पर नोडल पदाधिकारी की विवरणी (अनुलग्नक–क) एवं जिलान्तर्गत प्रखंडों की सूची (अनुलग्नक–ख) आवश्यक कार्यार्थ संलग्न है।

अतः अनुरोध है कि राज्य के सभी 534 प्रखंडों के लिए डाटा इन्ट्री ऑपरेटर (संविदा) की सेवा तत्काल एक वर्ष के लिए प्रखंड स्तर पर यथाशीध्र उपलब्ध कराया जाय एवं सभी डाटा इन्ट्री ऑपरेटरों (संविदा) का अपने स्तर से प्रखंड आवंटित करते हुए इसकी सूची अधोहस्ताक्षरी तथा संबंधित जिला सांख्यिकी कार्यालय को लभ्य कराया जाय।

अनुलग्नक–यथोक्त

विश्वासभाजन
28/11/23
निदेशक
–सह–
मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म और मृत्यु)।

ज्ञापांक– जी०सां०–04/2023 1386 /पटना, दिनांक– 28/11/23

प्रतिलिपिः– सभी जिला पदाधिकारी–सह–जिला रजिस्ट्रार (जन्म और मृत्यु) को सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि अपने स्तर से अधीनस्थ सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी–सह–अपर जिला रजिस्ट्रार (जन्म और मृत्यु) को डाटा इन्ट्री ऑपरेटरों के बैठने की व्यवस्था हेतु निदेशित करने की कृपा की जाय।

28/11/23
निदेशक
–सह–
मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म और मृत्यु)।

38 vital 27.11.2023